# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (14.02.2025)

HINDUSTAN
MUZAFFARPUR
DATE:14.02.2025
PAGE-04

### विवि में आईएमसी की बैठक 15 को

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में 15 फरवरी को इंप्लीमेंट एंड मॉनिटरिंग सेल की बैठक होगी। इसमें 32 एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। अध्यक्षता कुलपति करेंगे। बैठक में विवि में मधुबनी पेंटिंग से लेकर मशरूम उत्पादन तक के कोर्स शुरू करने पर चर्चा की जाएगी।

### बिहार विवि की टीम क्वार्टर फाइनल में

मुजफ्फरपुर। कीट यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर में चल रहे ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी मेंस क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन गुरुवार को बीआरएबीयू ने नंदाकू पटेल यूनिवर्सिटी रायगढ़ (छत्तीसगढ़) को 24 रनों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:14.02.2025, PAGE-04


# विश्वविद्यालयों में अब शैक्षणिक से लेकर वित्तीय कार्य तक पोर्टल पर

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक से लेकर वित्तीय कार्य पोर्टल से ही होंगे। नामांकन से लेकर डिग्री और दीक्षांत तक की जानकारी के लिए एक ही पोर्टल रहेगा। सभी विश्वविद्यालयों के वित्तीय और प्रशासनिक कार्य भी इसी पोर्टल पर होंगे। बजट के साथ ही शिक्षक-कर्मचारियों के वेतन-पेंशन की डिमांड भी पोर्टल के माध्यम से ही की जाएगी। बिहार सरकार ने इसके लिए पिछले साल अप्रैल में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के समर्थ के साथ एमओयू पर साइन किया है। अब राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को समर्थ पोर्टल से जोड़ा जा रहा है। समर्थ पोर्टल पर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय समेत प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों का ई- गवर्नेंस शुरू किया जाएगा। इसके लिए समर्थ की

**अकाउंट, फाइनेंस, परीक्षा, रिजल्ट व दीक्षांत समेत 40 से अधिक माडयूल उपलब्ध, वेतन-पेंशन की डिमांड भी पोर्टल से की जाएगी**



ओर से एक-एक समन्वयक नियुक्ति होंगे। समन्वयक स्तर से तकनीकी व अन्य समस्याओं का समाधान होगा। समर्थ पोर्टल पर अकाउंट, फाइनेंस, परीक्षा, रिजल्ट, दीक्षांत समेत 40 से अधिक माडयूल उपलब्ध हैं। सभी माड्यूल इंचार्ज को लागइन आइडी व पासवर्ड दिया जाएगा। विश्वविद्यालयों को समर्थ पोर्टल से जोड़ने की पहल शुरू है। विशेषज्ञों की टीम ने सभी विश्वविद्यालयों को समर्थ की कार्य प्रणाली से लेकर इसे लागू करने के बाद होने वाले परिणाम और प्रक्रियाओं के बार में बताया जा चुका है।

**बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में बनाए गए नोडल व एडमिन :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब छात्र-छात्राओं को नामांकन से लेकर दीक्षांत समारोह समेत अन्य सभी सूचनाएं और जानकारियां समर्थ पोर्टल पर रहेंगी। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से नोडल अधिकारी और दो एडमिन बनाए गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर विश्वविद्यालय में यह व्यवस्था लागू की गई है। उच्च शिक्षा विभाग की टीम ने पिछले महीने विश्वविद्यालय पहुंचकर पोर्टल पर डाटा अपडेशन की जानकारी भी ली। इसके बाद दिशा-निर्देश दिया गया। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में समर्थ पोर्टल पर सभी सूचनाएं मिलेंगी।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR

DATE: 14.02.2025, PAGE-04


## समर्थ पोर्टल. बीआरएबीयू में इ-गवर्नेंस शुरू होगा

# एडमिशन से दीक्षांत तक सब जानकारी एक जगह

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

समर्थ पोर्टल पर बीआरएबीयू समेत प्रदेश के विश्वविद्यालयों में इ-गवर्नेंस शुरू किया जायेगा. इसमें एडमिशन से लेकर डिग्री और दीक्षांत तक की जानकारी के लिए एक ही पोर्टल काम करेगा. समर्थ की ओर से हर राज्य के लिए एक-एक समन्वयक नियुक्त होंगे. तकनीकी से लेकर सभी समस्याओं का समाधान समन्वयक के स्तर से होगा. पोर्टल पर एकाउंट, फाइनेंस, परीक्षा, रिजल्ट, दीक्षांत समेत 43 से अधिक मॉड्यूल उपलब्ध हैं. हर एक माड्यूल के लिए विवि स्तर से एडमिन और को-आर्डिनेटर बनाया जायेगा. समर्थ से सभी मॉड्यूल के एडमिनिस्ट्रेटर को लॉगइन आइडी व पासवर्ड दिया जायेगा. इसके बाद एजेंसी की ओर से सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराया जायेगा. सॉफ्टवेयर के क्रियान्वयन में जो भी तकनीकी मदद होगी, उसे भी विश्वविद्यालयों को उपलब्ध कराया जाना है. सभी विश्वविद्यालयों के वित्तीय व प्रशासनिक कार्य भी इसी पोर्टल पर होंगे. बजट के साथ ही शिक्षक-कर्मचारियों के वेतन-पेंशन की डिमांड भी पोर्टल के माध्यम से ही की जायेगी.

**टीम डाटा के बारे में ले चुकी है जानकारी** :पिछले महीने उच्च शिक्षा विभाग की टीम ने विवि पहुंचकर पोर्टल पर डाटा अपडेशन की जानकारी भी ली. उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में समर्थ पोर्टल पर सभी सूचनाएं मिलेंगी. इसके लिए राज्य स्तर पर प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. एक ही पोर्टल पर सभी सूचनाएं मिलेंगी. छात्र-छात्राओं को नामांकन से लेकर दीक्षांत समारोह समेत अन्य सभी सूचनाएं व जानकारियां समर्थ पोर्टल पर हासिल होगी. विवि से नोडल अधिकारी व दो एडमिन बनाये गये हैं. उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर विवि में यह व्यवस्था लागू की गयी है.

### समर्थ पोर्टल से सेंट्रलाइज्ड सिस्टम हो रहा तैयार

बिहार सरकार ने इसके लिए पिछले साल अप्रैल मे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के समर्थ के साथ एमओयू साइन किया है. अब राज्य के सभी विश्वविद्यालयो को समर्थ पोर्टल से जोड़कर सेंट्रलाइज्ड सिस्टम तैयार किया जा रहा है. प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयो को समर्थ पोर्टल से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है. पिछले साल समर्थ की ओर से ऑनलाइन कार्यशाला का भी आयोजन किया गया. इसमे सभी विश्वविद्यालयो के नोडल समेत अन्य अधिकारी जुड़े थे. विशेषज्ञो की टीम ने सभी विश्वविद्यालयो को समर्थ की कार्य प्रणाली से लेकर इसे लागू करने के बाद होने वाले परिणाम व प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी. बताया गया कि समर्थ से गुणवत्तापूर्ण मॉनिटरिंग व बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते है.

◻ खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यू आर स्कैन कर लें.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

PRABHA KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 14.02.2025, PAGE-04

# ऑडिट टीम को जल्द ही पेपर दे देंगे, कमेटी की बैठक में फैसला



- विवि गेस्ट हाउस में विश्वविद्यालय ऑडिट कमेटी की हुई बैठक

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में ऑडिट टीम की आपत्तियों को दूर करने के लिए हलचल तेज हो गयी है. विवि गेस्ट हाउस में विश्वविद्यालय ऑडिट कमेटी की बैठक हुई. कुलपति प्रोफेसरदिनेश चंद्र राय ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों के साथ ही सेक्शन ऑफिसर्स के साथ बैठक कर ऑडिट की प्रक्रिया पूरी करने की बात कही. कहा है कि ऑडिट टीम को जल्द ही सभी जरूरी पेपर उपलब्ध करा दिए जाएंगे. बता दें कि ऑडिट टीम ने पदोन्नति का लाभ लेने वाले अन्य कर्मियों की सूची के साथ ही नियुक्ति व पदोन्नति आदेश और सर्विस बुक की कॉपी मांगी है. विवि हॉस्टल और क्वार्टर के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है. हॉस्टल और क्वार्टर की सूची के साथ यह पूछा गया है कि कितने हॉस्टल और क्वार्टर पर अवैध रूप से बाहरी लोगों का कब्जा है. इसके अलावा अंगीभूत कॉलेजों में प्राचार्यों की नियुक्ति और अवधि विस्तार से संबंधित रिकॉर्ड के साथ ही 5 साल से अधिक अवधि से कार्यरत प्राचार्यों की सूची भी मांगी गई है. ऑडिट टीम ने विश्वविद्यालय से पिछले तीन सत्र में हुए नामांकन के साथ ही फी का रिकॉर्ड भी मांगा है.

## कैंपस को डिजिटल बनाने की तैयारी

विश्वविद्यालय कैंपस को डिजिटल बनाने की दिशा में तेजी से काम होगा. पिछले दिनों पटना में हुई बैठक के दौरान मिले दिशा-निर्देशों से कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय और कुलसचिव डॉ अपराजिता कृष्णा ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अवगत कराया. इसमें समर्थ, अपार आइडी व नैड को पूरी तरह फंक्शनल बनाने की बात कही गयी. इसके साथ ही विश्वविद्यालय की नेशनल रैंकिंग को लेकर भी वीसी ने निर्देश दिए.

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 14.02.2025, PAGE-04

## बीआरएबीयू से मैच में नंदाकू पटेल विवि हारा

**मुजफ्फरपुर.** भुवनेश्वर में पूर्वी क्षेत्र अंतर महाविद्यालय क्रिकेट (पुरुष) प्रतियोगिता हुई. प्री क्वार्टर फाइनल मैच में बिहार विवि ने शहीद नंदाकू पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ (छत्तीसगढ़) को 24 रनों से हरा दिया. टॉस जीतकर बिहार विवि की टीम ने 20 ओवर में 144 रन बना लिए. 145 रनों का लक्ष्य विपक्षी टीम को दिया. बिहार विवि की तरफ से सचिन ने 28, अंकित सिंह ने 23, चंद्र प्रकाश ने 21 रन बनाये. शहीद नंदाकू पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 120 रन ही बना सकी.बिहार विवि की टीम मैच को 24 रन से जीत लिया. अंकित ने 2 विकेट व कप्तान विशाल राज ने दो विकेट हासिल की. इसकी जानकारी टीम प्रबंधक महेंद्र प्रसाद सिंह ने दी.